आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–04 नवंबर 2026 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता योगी आदित्यनाथ तथा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के नेतृत्व में आज गोरखपुर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा निकाली गई। इसी क्रम में एमपी इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री योगी ने कहा कि यह यात्रा केवल एक पार्टी की यात्रा नहीं है बल्कि देश को विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचाने के प्रधानमंत्री मोदी के विजन की यात्रा है। देश का लोकतंत्र जितना सशक्त होगा, विकसित भारत की संकल्पना को साकार करना ही उतना ही आसान होगा।

प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में आज जब पूरा देश आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करने के लिए आगे बढ़ा है, हर एक क्षेत्र में परिवर्तन हुआ है, भारत आज दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में दुनिया की सबसे तेज गति से के साथ बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ा है, भारत आतंकवाद से मुक्त हुआ है, नक्सलवाद से मुक्त हुआ है, अराजकता से मुक्त हुआ है, भारत आज दुनिया के अंदर अपनी शानदार यात्रा को लेकर के जब आगे बढ़ा है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है।

आज उत्तर प्रदेश को जिस प्रकार से विकास के पैमाने पे माननीय योगी आदित्यनाथ जी ने आगे लेके गए हैं, हमें पूरा विश्वास है उत्तर प्रदेश को इस देश का सबसे बड़ा विकसित राज्य बनाकर आप ले के आएंगे। उस विकास की रफ्तार को रुकने नहीं देना है मित्रों, उस विकास की रफ्तार को और आगे बढ़ाना है।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि यह केवल राजनीतिक सभा नहीं है बल्कि यह देश के लोकतंत्र को बचाने और अराजकता को उखाड़ फेंकने का महाअभियान है। पदयात्रा में बड़ी संख्या में पार्टी से जुड़े जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने आज दुष्कर्म और पाक्सो अधिनियम से जुड़े मामलों की त्वरित सुनवाई के लिये फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट की केन्द्र प्रायोजित योजना को अगले पांच वर्षों तक जारी रखने को मंजूरी दी। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में यह जानकारी दी।

जो चाइल्ड एब्यूज के केसेज होते हैं और जो रेप के केसेज हैं उसके लिये आज एट हैंड्रेड फिफ्टी फास्ट ट्रैक कोर्ट को एक्सटेंशन देने का और उनको स्ट्रैंथेन करने का कैबिनेट ने अप्रूवल दिया है।

एक अन्य निर्णय के बारे में जानकारी देते हुए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल एनएस राजासुब्रमणि ने बताया कि–

आज कैबिनेट ने सारे अग्निवीरों के लिये एक पाथवे क्रिएट किया है, जिससे कि वो इण्डियन डिफेंस फोर्सेस में ऑब्जर्व हो जाएं। इस स्कीम के अन्तर्गत रिमेनिंग 75 परसेंट अग्निवीर को दो साल का एक और इंगेजमेंट पीरिएड का ऑफर दिया जायेगा।

****

काशी और तमिलनाडु के बीच प्राचीन सांस्कृतिक, भाषाई एवं सभ्यतागत संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से काशी तमिल संगमम 5.0 का आयोजन 28 नवंबर से 12 दिसंबर तक किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर कल काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में भारत सरकार के उच्च शिक्षा विभाग की सचिव दीप्ति गौड़ मुखर्जी की उपस्थिति में एक उच्चस्तरीय बैठक की गयी।

इस बार आयोजन की थीम 'तिरुक्कुरल पयिल्वोम' यानी तिरुक्कुरल का अभ्यास करें रखी गई है। संत कवि तिरुवल्लुवर की कालजयी रचना 'तिरुक्कुरल' के 1330 दोहों में धर्म, अर्थ, प्रेम, नैतिकता और जीवन मूल्यों का संदेश समाहित है। आयोजन के तहत देशभर के 1000 चयनित शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी तिरुक्कुरल का अध्ययन करेंगे। प्रत्येक संस्थान से मेरिट के आधार पर एक विद्यार्थी चुना जाएगा। विद्यार्थी अपनी भाषा में शैक्षणिक व्याख्यानों, एक माह की शोध एवं शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेंगे। उन्हें शोध टिप्पणी तैयार करने के साथ अपने संस्थान में तिरुक्कुरल के संदेश पर प्रस्तुति भी देनी होगी। काशी तमिल संगमम 5.0 के पोर्टल और पंजीकरण प्रक्रिया का शुभारंभ 22 अक्टूबर को केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने किया था। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत पिछले 104 दिन में देश में 65 लाख से अधिक सोलर पैनल लगाए गए हैं। नई दिल्ली में भारत नवीकरणीय ऊर्जा सम्मेलन और प्रदर्शनी 2026 में एक सत्र को संबोधित करते हुए श्री जोशी ने कहा कि यह उपलब्धि स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने में लोगों की बढ़ती भागीदारी को दर्शाती है।

****